हादसा ▶ रक्षाबंधन, कजलियां मनाने के बाद लौटने वाली थी ससुराल

# पर्व मनाने मायके पहुंची बहनें, बेटे तालाब में डूबे, दो की मौत

▶ **हादसे से मझगवां सरोली, तिलमन में पसरा मातम, शवों से लिपटकर रोते-बिखलते रहे परिजन**





**जबलपुर।** मझगवां थाना अंतर्गत सरोली में दो सगी बहने रक्षाबंधन रक्षाबंधन पर्व पर मायके पहुंची थी परिवार में खुशियों को माहौल था बहनें रविवार को कजलियां के बाद ससुराल लौटने वाली थीं लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। सगी बहनों के दो बेटे खेलते-खेलते सरोली तालाब तक पहुंच गए और गहरे पानी में डूब गए दोनों की तालाब में डूबने से मौत हो गई जब इसकी खबर परिजनों को लगी तो वह भी पहुंच गए घटना स्थल पर चीख पुकार मच गई। कड़ी मशक्कत के बाद शवों को बाहर निकाला गया मौके पर चीख पुकार मच गई परिजन शवों से लिपटकर रोते-बिलखते रहे, उन्हें यकीन ही नहीं हो रहा था कि अब उनके बच्चे इस दुनिया में नहीं रहें। हादसे से मझगवां सरोली, तिलमन में मातम पसरा हुआ हैं।

### ▶ भाईयों को राखी बांधने आई थी बहनें

पुलिस के मुताबिक मझगवां सरोली में रहने वाले कालू कोल की दो बेटियां है। एक बेटी संध्या का विवाह मझगवां तो दूसरी रानू का विवाह तिलमन में हुआ हैं। दो सगीं बहने रक्षाबंधन पर मायके आये थी। दोनों बहनों ने भाईयों को राखी बांधी। पूरे परिवार में खुशियों का माहौल था। रविवार को कजलियों के बाद वह ससुराल लौटने वाली थी।

### पांच साल का देव, आठ वर्षीय आशिक डूबा

रविवार दोपहर ढाई बजे संध्या का देव कोल पिता विजय कोल पांच वर्ष एवं रानू का पुत्र आशिक कोल पिता मदन कोल आठ वर्षीय खेलते-खेलते गांव के तालाब के पास पहुंचे और गहरे पानी में डूब गए।

### मशक्कत के बाद निकाले शव

ग्रामीणों ने परिजनों के साथ शवों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला जिन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। जिसके बाद परिवार की खुशियां मातम में बदल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी हैं।

# क्या सितंबर से पटरी पर दौड़ेगी बनारस वंदे भारत

▶ **सूत्रों के अनुसार रेलवे बोर्ड को भेजा गया है प्रस्ताव!**




**जबलपुर, नवभारत।** अगर सब कुछ ठीक रहा तो आने वाले सितंबर माह में जबलपुर को बनारस के लिए वंदे भारत ट्रेन मिल सकती है। सूत्रो की माने तो नार्थ-ईस्ट रेलवे गोरखपुर ने जबलपुर-बनारस-जबलपुर व्हाया प्रयागराज जंक्शन वंदे भारत एक्सप्रेस का जो प्रस्ताव तैयार कर रेलवे बोर्ड भेजा है, उसके मुताबिक प्रस्तावित यह ट्रेन बनारस से तड़के 5.30 बजे खुलेगी, जो दोपहर 12.30 बजे जबलपुर पहुंचेगी, यानी 7 घंटे में यह ट्रेन 487 किलोमीटर का सफर तय करेगी। गोरखपुर जोन ने गत 4 अगस्त को 3 वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड भेजा है, जिसमें जबलपुर-बनारस-जबलपुर ट्रेन भी शामिल है। प्रस्तावित टाइमिंग में यह ट्रेन जबलपुर पहुंचने में 7 घंटा व वापसी में जबलपुर से बनारस पहुंचने में 7 घंटा 5 मिनट लेगी।

**तो हफ्ते में छह दिन चलेगी ट्रेन?** - बताया जाता है कि जो प्रस्ताव तैयार किया गया है, उसके मुताबिक नई वंदे भारत सप्ताह में 6 दिन चलेगी, यह ट्रेन गुरुवार को नहीं चला करेगी। इस ट्रेन का रखरखाव बनारस में होगा। वही रेल सूत्रों के मुताबिक एनई रेलवे गोरखपुर ने बनारस-जबलपुर होकर वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने का जो प्रस्ताव बोर्ड को भेजा है, उसमें उसने इन शहरों के बीच यात्रियों की संख्या का उल्लेख किया है। जबलपुर, कटनी, सतना होकर बड़ी संख्या में श्रद्धालु तीर्थराज प्रयाग व बाबा भोले की नगरी काशी (वाराणसी) में दर्शन के लिए पहुंचते है। रेलवे को भी उम्मीद है कि यह ट्रेन चलने से यात्रियों के बीच काफी लोकप्रिय होगी। सूत्रो की मानें तो अभी इस ट्रेन का जो प्रस्ताव बनाया गया है, उसके मुताबिक यह ट्रेन बनारस से सुबह 5.,30 बजे चलकर 7.05 बजे प्रयागराज जंक्शन फिर दोपहर 12.30 बजे जबलपुर पहुंचेगी। वापसी में जबलपुर से दोपहर 2.30 बजे छूटकर सायं 7.50 बजे प्रयागराज होते हुए रात 9.35 बजे बनारस पहुंचेगी। यानी बनारस के बाद सीधे गाड़ी प्रयागराज में रुकेगी। जानकारों का मानना है कि बोर्ड इसमें संशोधन करेगा। वही कटनी और सतना में भी हाल्ट दिए जा सकते हैं। ताकि इन शहरों के यात्रियों को भी प्रयागराज व बनारस के लिए सीधे ट्रेन उपलब्ध हो सके। माना जा रहा है कि यह ट्रेन अगले महीने सितंबर में प्रारंभ हो सकती है।

# जबलपुर सहित मप्र में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर का कनेक्शन पाकिस्तान - तुर्की से?

**नवभारत,जबलपुर।** शहर कांग्रेस कमेटी के द्वारा सोमवार शाम 4 बजे एसई सिटी सर्किल मिशन कंपाउंड पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड जबलपुर कार्यालय में एसई संजय अरोरा को एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम सौंपा जाएगा जिस दौरान सभी प्रमाणित दस्तावेजों और ठोस सबूतों को पेश किया जाएगा। ज्ञापन में मांग की जाएगी कि देश की सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। इस संबंध में नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने कहा कि जबलपुर सहित पूरे मध्य प्रदेश में हाल ही में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है, जो न केवल उपभोक्ता हितों बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी गहरी चिंता का विषय है। इन स्मार्ट मीटरों की आपूर्ति करने वाली 'अल्फानार मूल रूप से सऊदी अरब की है, जिसका व्यावसायिक एवं वित्तीय जुड़ाव तुर्की और पाकिस्तान से बताया जा रहा है। कंपनी के शीर्ष पदों पर पाकिस्तानी नागरिकों की नियुक्ति और तुर्की के माध्यम से आर्थिक सहायता मिलने की जानकारी ने इस पूरे मामले को और भी संदिग्ध बना दिया है।

# बगदरी वॉटरफॉल में डूबा युवक, पिकनिक मनाने पहुंचे थे पांच दोस्त



**जबलपुर।** पाटन थाना अंतर्गत बगदरी वॉटर फॉल में रविवार को पिकनिक मनाने दोस्तों के साथ पहुंचा युवक तेज बहाव में बह गया। हादसे से मौके पर चीख पुकार मच गई। दोस्तों ने वहां मौजूद लोगों की मदद से दोस्त को बचाने की कोशिश की लेकिन जब वह चंद ही पलों में आंखों से ओझल हो गया। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि युवक पांच दोस्त पिकनिक मनाने बगदरी फॉल पहुंचे थे जहां बाइक की चॉबी गुम गई थी जिसे तलाशते समय बालक गहरे पानी में चला गया था तभी वह हादसे का शिकार हो गया।

**देर शाम तक चला रेस्क्यू, सुराग नहीं-** सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। देर शाम तक फॉल में उसकी तलाश कराई गई परंतु उसका कहीं कोई सुराग नहीं लगा। अंधेरा होने से रेस्क्यू बंद कर दिया गया। हादसे की सूचना तत्काल बालक के परिजनों को दे दी गई सूचना मिलते ही परिजन पहुंच गए थे परिवार में मातम पसर गया। युवक की तलाश में आज पुन: रेस्क्यू ऑपरेशन चलेगा। गोताखोरों के साथ एसडीआरएफ की टीम फॉल में उतरेगी।

### चॉबी ढूंढते समय हुआ हादसा

पाटन थाना प्रभारी गोविन्द्र सिंह राजपूत ने बताया कि साहिल केवट पिता संजू केवट 18 वर्षीय निवासी प्रेम सागर, हनुमानताल का अपने पांच दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने रविवार दोपहर तीन बजे मोटर सायकिलों से बगदरी फॉल पहुंचा था जहां सभी दोस्त मस्ती कर रहे थे तभी फॉल में नहा रहे थे इसी दौरान बाइक की चाबी गुम गई जिसे सभी तलाश रहे थे जिसे तलाशते समय साहिल केवट फॉल में गहरे पानी में उतर गया और देखते ही देखते गहरे पानी में चला गया और तेज बहाव में बह गया।

### इनका कहना है

दोस्तों के साथ पहुंचा युवक बगदरी फॉल में बह गया है जिसकी तलाश कराई जा रही हैं। फिलहाल उसका सुराग नहीं लगा हैं।

**लोकेश डाबर**, एसडीओपी, पाटन

# जबलपुर-रायपुर में लगेगा एसी चेयरकार का अतिरिक्त कोच

**जबलपुर।** रेल प्रशासन द्वारा त्यौहारों पर अतिरिक्त यात्री यातायात क्लियर करने एवं यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पश्चिम मध्य रेल से चलने वाली जबलपुर-रायपुर एक्सप्रेस में तीन दिन वातानुकूलित चेयरकार कोच लगाने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 11702 जबलपुर-रायपुर ट्रेन में प्रारंभिक स्टेशन जबलपुर स्टेशन से आज सोमवार के साथ 12 अगस्त एवं 13 अगस्त को 01 वातानुकूलित चेयरकार श्रेणी के अतिरिक्त कोच लगाया जायेगा।

# मेडिकल गेट के अंदर आते ही लगेंगे एक एंट्री के 20 रुपए

**मेडिकल कॉलेज के वाहन स्टैंड कर्मचारियों की मनमानी से हताश ऑटो चालक**

**किराए से बचने गेट पर ही गंभीर मरीजों को छोड़ना बनी मजबूरी**




**नवभारत,जबलपुर।** संभाग के सबसे बड़े नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल के वाहन स्टैंड कर्मचारियों की दहशत इन दिनों ऑटो व ई रिक्शा चालक को इतनी सता रही है कि वे अब यात्रियों को लेकर मेडिकल जाने में कतराने लगे हैं। वजह... मरीजों को लेकर अस्पताल के अंदर आने के लिए पहले एक बार 20 रुपए मांगना... मतलब अगर कोई ऑटो चालक दिनभर में जितने बार मरीजों को लेकर आएगा उतने बार उसे 20 रुपए के हिसाब से स्टैंड कर्मचारियों को भुगतान करना पड़ेगा।

ऐसे में अब ऑटो, ई-रिक्शा चालकों का कहना है कि अगर वे दिन भर में 200 रुपए कमाते हैं और मेडिकल में सवारी लेकर कई राउंड लगा दिए तो उनकी आधी कमाई तो मेडिकल के स्टैंड कर्मचारियों की जेब में चली जाएगी। चालकों ने नवभारत को बताया कि विरोध करने पर कर्मी मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। जानकारी के अनुसार वाहन स्टैंड कर्मचारियों के भय से कई बार ऐसे हालाल भी निर्मित हो चुके हैं जब ऑटो चालक स्टैंड के किराये ये बचने के लिए गंभीर बीमारी से पीड़ित बुजुर्ग, महिलाओं को मेडिकल के गेट में छोड़ दिए थे। इसके बाद इन मरीजों को गेट से अस्पताल के भीतर पैदल ही जाना पड़ा था।

**बीते कुछ माह में हो चुके हैं कई विवाद-** ऑटो चालकों की माने तो स्टैंड में इस तरह हो रही अवैध वसूली की जानकारी मेडिकल अस्पताल प्रबंधन को भी है लेकिन फिर भी स्टैंड के कर्मचारी मनमाने ढंग से पैसे वसूल रहे हैं। विदित हो कि मेडिकल और सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के वाहन स्टैंड में बीते 2 माह के अंदर दोपहिया वाहन चालकों से भी स्टैंड के किराये को लेकर विवाद होते रहे हैं। इसमें नौबत मारपीट की भी आ चुकी है लेकिन फिर भी अस्पताल प्रबंधन की ओर से स्टैंड के कर्मचारियों पर कोई ठोस एक्शन नहीं लिया गया है। आलम ये है कि अब ऑटो चालक मजबूर हो चुके हैं।

### इनका कहना है

मेडिकल अस्पताल में वाहन स्टैंड ठेके कर्मियों द्वारा 20 रुपए एक बार में लिए जाते हैं। मैं दिन भर में करीब 3 से 4 बार सवारी लेकर मेडिकल जाता हूं फिर भी हर बार अलग-अलग 20-20 रुपए देने पड़ते हैं। विरोध करने पर धमकाया जाता है।

**संतोष**, ऑटो चालक, देवताल।

मेडिकल अस्पताल के मेन गेट में ही कई बार गंभीर यात्रियों को छोड़ना पड़ता है क्योंकि गेट के अंदर जाने पर स्टैंड कर्मी 20 रुपए किराया लेने लगते हैं। इतना हम नहीं कमाते कि हर बार मेडिकल में अंदर जाने के लिए किराया दे सकें।

**नितिन पटैल**, ऑटो चालक, तिलवारा।

मरीजों को छोड़ने अगर मुझे मेडिकल अस्पताल की सवारी मिलती है तो मैं यात्रियों से पहले ही बात कर लेता हूं कि मेडिकल में जो भी वाहन स्टैंड लगेगा वो आप देंगे, उसके बाद ही अस्पताल के अंदर जाता हूं। क्योंकि किराया को लेकर जब वाहन स्टैंड कर्मियों से पूछा जाता है तो उनके द्वारा अभद्रता की जाती है।

**रमाकांत उर्फ रम्मू**, ऑटो चालक, रानीताल।

# ट्रेन से कटी युवती, सीमा विवाद में उलझीं पुलिस

**रेल पटरी पर घंटों पड़ी रही लाश, रात में पहुंची पुलिस**

**जबलपुर।** शोभापुर ब्रिज के पास एक युवती ट्रेन से कटकर गई युवती ट्रेन धड़धड़ाते हुए गुजर गई और उसकी मौत हो गई। पुलिस सीमा विवाद में उलझीं रही। घटना शाम चार बजे हुई लेकिन घंटों लाश रेल पटरी पर पड़ी रही। रात साढ़े आठ बजे के बाद अधारताल पुलिस पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई मृतिका कौन है और कहां की रहने वाली है, किन परिस्थितियों में वह ट्रेन की चपेट में आई हैं इसका पता नहीं चल सका हैं। पुलिस शव को पीएम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर शिनाख्तगी के प्रयास में जुट गई हैं। बताया जाता है कि सूचना पर आरपीएफ पुलिस मौके पर पहुंची थी इसके बाद मामले की सूचना अधारताल पुलिस को दी गई थी लेकिन थाना पुलिस सीमा विवाद में उलझ गई थी। मृतिका की उम्र 25 से 30 वर्षीय की हैं। प्रारंभिक जांच में यह बात भी सामेन आ रही है कि वह मोबाइल पर बात करते हुए पटरी पार कर रही थी। इसी बीच वह ट्रेन की चपेट में आ गई और उसकी मौत हो गई।

# अज्ञात वाहन ने रौंदा, युवक की मौत

▶ **बरगी रैपुरा में हुआ दर्दनाक हादसा**

**जबलपुर।** बरगी थाना अंतर्गत रैपुरा के पास रविवार को एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन चालक ने मोटर सायकिल सवार को टक्कर मार दी। हादसे में युवक घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं अज्ञात वाहन चालक घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गया।

पुलिस के मुताबिक गया प्रसाद पिता विष्णु प्रसाद 41 वर्षीय निवासी तिलवारा का मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 20 एनएफ 1185 से काला देही तरफ से लौट रहा था वह रविवार रात्रि साढ़े आठ बजे जैसे ही बरगी रैपुरा के पास पहुंचा तभी अज्ञात वाहन चालक ने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उसकी बाइक में टक्कर मार दी टक्कर लगते ही गया प्रसाद छलकर दूर जा गया इसके बाद अज्ञात भारी वाहन का चालक उसे कुचलते हुए आगे बढ़ गया हादसे में गंभीर चोटें आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं आरोपी वाहन चालक घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को पीएम के लिए भिजवाते हुये अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पतासाजी में जुट गई हैं।

### बाइकों में भिड़ंत एक की मौत

बरेला थाना थाना क्षेत्र में बाइकों में भिड़ंत हो गई। हादसे में एक की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक सरवर खान 37 वर्ष निवासी धनपुरी बस स्टेण्ड के पास बरेला ने सूचना दी कि साला अब्दुल रज्जाक 25 वर्ष निवासी धनपुरी थाना बरेला अपने निवास से मनेरी फैक्ट्री भुमंजास्पात में वह अपनी मोटर सायकल से काम करने आ रहा था मोटर सायकल वह चला रहा था उसके पीछे अब्दुल रज्जाक बैठा था एक अज्ञात मोटर सायकल का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसकी मोटर सायकल को पीछे से टक्कर मार दिया, जिससे अब्दुल रज्जाक जमीन पर गिर गया और उसकी मौत हो गई।

### इधर घायल ने तोड़ा दम

अधारताल थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में घायल ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक कैलाश साहू 55 वर्ष निवासी महाराजपुर अधारताल का शनिवार शाम लगभग 7-55 बजे एक्सीडेंट होने से बेटे गजेन्द्र साहू द्वारा उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। निजी अस्पताल में रविवार सुबह 4-30 बजे मौत हो गई।

STUDY ABROAD COUNSELING By Prabha Yadav
MBBS प्रवेश
विदेश में डॉक्टर बने आपके बजट में
भारत के साथ ही रशिया, जॉर्जिया, कजाकिस्तान, नेपाल सहित अन्य देशों में MBBS करने हेतु संपर्क करें:-
ASHIRWAAD 781, SHANTI NAGAR, NEAR RYAN INTERNATION SCHOOL JABALPUR
+91 9340486618







मोहन्ती चेस्ट हॉस्पिटल
डॉ. ए.पी. मोहन्ती
(एम.डी.चेस्ट वरिष्ठ छाती एवं फेफड़ा रोग विशेषज्ञ)
एम.डी.आर. टी.बी., निमोनिया, फेफड़ों में जमे पानी का इलाज, दमा, सांस फूलने का इलाज, एलर्जी टेस्ट, स्लीप स्टडी, स्पाईरोमेट्री, ब्रॉकोस्कोपी एवं धूम्रपान छुड़ाना।
पता जबलपुर हॉस्पिटल के सामने, रसल चौक जबलपुर
0761-3585408, 7999985457
0761-4047091, 7898409109

भवन निर्माण
₹ 1500/- वर्गफुट कंस्ट्रक्शन
माड्यूलर किचिन लेटबाथ स्टील रेलिंग बिजली पानी, मटेरियल सहित, कम्पलीट वर्क
संपर्क करें कमलेश पटेल- मो.नं. 6260334877

श्री शुभम् हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर
मल्टी स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल
* जनरल मेडिसिन * हृदय रोग * नेत्र रोग * अस्थि रोग * जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
* न्यूरो तथा स्पाइन * नाक-कान-गला रोग * कैंसर * स्त्री एवं प्रसूति रोग * बाल रोग
24/7 आकस्मिक चिकित्सा, भर्ती, एम्बूलेंस, दवाईयां सुविधा उपलब्ध है
दशमेश द्वार, मदन महल चौक, नागपुर रोड, जबलपुर फोन. 0761.4051253 मो.9329486447

महाकौशल यूनिवर्सिटी
•B.Tech •BBA •Law
•M.Tech •MBA •Forensic Sci.
•Pharmacy •B.Sc •BA •B.Com
•Agriculture •M.Sc •MA •M.Com
ADMISSION 9109970698 9981350102 9109988370 9109970699
सिटी ऑफिस - जैसरी हॉस्पिटल के सामने, गौ माता चौक, राईट टाउन, जबलपुर

JABALI माखनलाल चतुर्वेदी वि.वि से सबद्ध
PGDCA DCA TALLY CPCT, C++, JAVA, PYTHON
Classes Available- BCA
दमोहनाका पेट्रोल पंप के सामने, मेन रोड जबलपुर- 8989001539, 0761-4005515

Sys INSTITUTE OF COMPUTER MNG.
माखनलाल चतुर्वेदी वि.वि से सबद्ध
PGDCA DCA
TALLY, CPCT, C++, JAVA, PYTHON
Classes Available- BCA
होमसाइंस कॉलेज रोड आयुष गैलरी के सामने डॉ. रवि अग्रवाल लाईन- 9826144161, 0761-4044161

सीधे 10 वीं/12 वीं/कॉलेज के फार्म भरें।
9वीं/11वीं फेल/पास सीधे 10वीं/12वीं करें। 12वीं पास बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी./बी.बी.ए./डी.एड./ आई.टी.आई./ कॉलेज/एन.टी.टी. जैसे कोर्स करें। ग्रेजुएट छात्र-छात्रा बी.एड./ बी.लिब./ डी.फार्मा/बी.फार्मा./एल.एल.बी. जैसे रोजगारोन्मुखी कोर्स कम्प्यूटर कोर्स के रेग्यूलर/प्राइवेट फार्म भरें।
यश नर्सरी हायर सेकेण्डरी स्कूल स्टेट बैंक के पास अधारताल तिराहा जबलपुर मो. 9303580611 फोन नं. 0761-4111321

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57